दस दिवसीय 'निजानंद ज्ञानामृत सम्यकज्ञान साधना शिक्षण शिविर' का शुभारंभ

मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज के सान्निध्य में द्रव्य संग्रह ग्रंथ का वाचन

आष्टा। नगर में दस दिवसीय निजानंद ज्ञानामृत सम्यकज्ञान साधना शिक्षण शिविर का शुभारंभ आध्यात्मिक वातावरण के बीच हुआ। शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह आपके पुण्य का ही प्रताप है कि आपको ज्ञानगंगा में अवगाहन करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। यह शिविर जीवन में पापों के क्षय का कारण बनेगा और प्राप्त ज्ञान आत्मा को मोक्ष पथ की ओर अग्रसर करेगा। यही ज्ञान क्रमशः केवल्यज्ञान की ओर ले जाने वाला है और साधक को सिद्धालय की यात्रा भी कराएगा।

शिविर के प्रथम सत्र में नेमिचंद सिद्धांत व्रती द्वारा रचित द्रव्य संग्रह ग्रंथ का वाचन मुनिश्री ने करते हुए बताया कि जिनेन्द्र प्रभु ने द्रव्य को छह प्रकार का बताया है, जिनमें जीव और अजीव द्रव्य प्रमुख हैं। देवों और इन्द्रों से वंदनीय तीर्थंकर प्रभु के गुणों का स्मरण करते हुए मुनिश्री ने कहा कि प्रभु ने जो गुण प्राप्त किए हैं, वही गुण हमारी आत्मा में भी प्रकट हों,यही सच्ची साधना है।मुनिश्री ने मंगलाचरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी कार्य को मंगलमय और निर्विघ्न बनाने के लिए मंगलाचरण आवश्यक है। मंगलाचरण करते समय छह बातों का ध्यान रखना चाहिए–अपने इष्ट देव का स्मरण,शास्त्र की रचना,शास्त्र का प्रयोजन,शास्त्र का परमार्थ,शास्त्र का नाम,शास्त्र के रचयिता।मुनिश्री ने कहा कि मंगलाचरण से पापों का गलन होता है तथा जीवन में सुख और शांति की प्राप्ति होती है। जिसका आचरण मंगलमय है, वही सच्चा मंगलाचरण है और हमारे पंच परमेष्ठी का आचरण सर्वथा मंगलमय है।

मंगलाचरण तीन बार किया जाता है–प्रारंभ में, मध्य में और अंत में। प्रारंभ में मंगलाचरण करने से कार्य मंगलमय होता है, मध्य में इसलिए किया जाता है कि शिष्य विद्या में पारंगत हो और अंत में इसलिए कि किए गए कार्य का उत्तम फल प्राप्त हो। मंगलाचरण से नास्तिकता का नाश होता है और आस्तिकता का विकास होता है। इसी उद्देश्य से द्रव्य संग्रह ग्रंथ में तीर्थंकर प्रभु के गुणगान हेतु मंगलाचरण किया गया है। ग्रंथ में वर्णन है कि सौ इन्द्र अपने देवों के साथ तीर्थंकर की वंदना करते हैं।मुनिश्री ने जीव तत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीव के नौ अधिकार हैं और जीव में नौ प्रकार की विशेषताएं पाई जाती हैं। जीव सिद्ध भी है और संसारी भी। जीव का स्वभाव ऊर्ध्वगमन का है, किंतु वर्तमान में विभाव अवस्था में होने के कारण वह संसार में भटक रहा है। उन्होंने कहा कि मुनियों से ऊपर गणधर देव होते हैं, जो तीर्थंकर के शासक संघ का नेतृत्व करते हैं।उपदेश के अंत में मुनिश्री ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि जीवन में संयम धारण कर रत्नत्रय–सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र–का पालन करें। आत्मा की विशुद्धि बढ़ाकर ध्यान की प्राप्ति करें और अंततः निर्वाण को प्राप्त करें। यही द्रव्य संग्रह ग्रंथ का मूल लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण ग्रंथ में कुल 27 गाथाएँ हैं, जिनके माध्यम से जीव-तत्व और मोक्ष मार्ग का स्पष्ट विवेचन किया गया है। शिविर के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

मोटोरोला रिपब्लिक डे पर मोटोरोला एज 60 प्रो , एज 60 फ्यूज़न, मोटो जी96 5G, मोटो जी67 POWER, मोटो जी57 POWER पर लेकर आया शानदार ऑफर्स

मोबाइल फोन इनोवेशन में दुनिया की प्रमुख कंपनी और भारत के मशहूर9 एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स पर रोमांचक रिपब्लिक डे ऑफर्स की घोषणा की है। इन ऑफर्स के तहत, उपभोक्ताओं को अविश्वसनीय कीमतों में ढेरों फीचर्स से लैस 5त डिवाइस में अपग्रेड करने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। ये ऑफर्स आज से शुरू हो रही फ्लिपकार्ट रिपब्लिक डे सेल के दौरान उपलब्ध होंगे। रिपब्लिक डे सेल के तहत, मोटोरोला अपने पोर्टफोलियो से सबसे अधिक फीचर वाले स्मार्टफोन आकर्षक कीमतों पर पेश करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहरा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को बेजोड़ मूल्य मिल सके। ऐसे समय में जब पूरे उद्योग में स्मार्टफोन की कीमतों में वृद्धि देखी गई है, मोटोरोला ने अपनी पूरी रेंज में शानदार कीमतों में पैसा वसूल उत्पाजद देना जारी रखा है। इससे उपभोक्ताओं को बड़ी आसानी से उनके स्माअर्टफोन में प्रीमियम डिजाइन, उन्नत कैमरा और एआई क्षमताएं, शक्तिशाली प्रदर्शन और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी मिल रही है। रिपब्लिक डे सेल मोटोरोला के लोकप्रिय द्रब्रद्दद्द और मोटो g-series पोर्टफोलियो पर लागू है, जिससे हर उपभोक्ता वर्ग को एक शक्तिशाली और श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ स्मार्टफोन विकल्प मिलेगा। फ्लैगशिप द्रब्रद्दद्द सीरीज से शुरू करते हुए, मोटोरोला एज 60 प्रो को सिर्फ 25,999* रुपये की प्रभावी कीमत पर खरीदा जा सकता है, जो पहले 29,999 रुपये थी, इससे यह अपनी कीमत में सबसे अच्छा फ्लैगशिप ग्रेड फोन9 बन गया है। मोटोरोला एज 60 प्रो उन्नत मोटो.द्ध क्षमताओं से संचालित एक वास्तोविक फ्लैगशिप-ग्रेड अनुभव प्रदान करता है और इसमें सेगमेंट का एकमात्र 50MP + 50MP + 50X AI-पावर्ड कैमरा सिस्टम है, जो हर परिदृश्य में शानदार फोटोग्राफी के लिए है। इसमें दुनिया का सबसे शानदार 1.5घ ट्रू कलर क्वाड-कर्व्ड डिस्प्ले दिया गया है, जिससे बेहतरीन विजुअल्स मिलते हैं। साथ ही DXOMARK गोल्ड लेबल-रेटेड 6000द्धद्ध बैटरी 3 दिनों तक चल सकती है। स्मार्टफोन 90W टर्बोपावरइ फास्ट चार्जिंग, IP68/IP69 अंडरवाटर प्रोटेक्शन को सपोर्ट करता है, और प्रीमियम पैनटोनइ क्यूरेटेड डिजाइन में आता है, वास्तैव में यह इस रिपब्लिक डे पर उपलब्ध सबसे आकर्षक फ्लैगशिप स्मार्टफोन्स* में से एक है।

मोटोरोला के प्रीमियम पोर्टफोलियो को और मजबूत करते हुए, सेगमेंट का बेस्टसेलर फोनश मोटोरोला द्रब्रद्दद्द 60 FUSION को सिर्फ 19,999* रुपये की प्रभावी कीमत पर खरीदा जा सकता है। स्मार्टफोन में दुनिया का सबसे शानदार 1.5घ ऑल-कर्व्ड डिस्प्ले है, जो बेहतरीन कलर्स के साथ शानदार विजुअल्स प्रदान करता है। फोटोग्राफी ट्रू कलर Son4 LYTIA™ 700द्ध कैमरा से संचालित है, और बेहतर इमेजिंग के लिए इसमें मोटो.द्ध एन्हांसमेंट्स भी दिए गए हैं। स्टाइल और ड्यूरेबिलिटी दोनों के लिए डिजाइन किया गया, मोटोरोला द्रब्रद्दद्द 60 fusion IP68/IP69 वाटर प्रोटेक्शन, MIL-STD-810॥ मिलिट्री-ग्रेड सर्टिफिकेशन, और प्रीमियम पैनटोनइ क्यूरेटेड वेगन लेदर फिनिश के साथ आता है, जो अपने सेगमेंट में परफॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और प्रीमियम डिजाइन का एकदम सही संयोजन पेश करता है।

किसान देश की मूल भावना में, उसके साथ हो रहा अन्याय...

भीकनगाँव में किसान न्याय सम्मेलन में बोले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी

भीकनगाँव(अर्पित जायसवाल इंदौर समाचार): किसान देश की मूल भावना है सरहद पर जवान और अनाज पैदा करने वाला किसान दोनों देश के लिए समान महत्वपूर्ण है मगर किसान के साथ अन्याय हो रहा है। उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भीकनगाँव में आयोजित किसान न्याय सम्मेलन में कही। किसानो को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि बिंजलवाड़ा सिचाई परियोजना में भारी भ्रष्टाचार किया गया। योजना 2021 में पूर्ण होनी थी। 745 करोड़ की योजना में बजट बढ़ाकर 821 करोड़ रूपये खर्च कर दिए मगर किसान अभी भी अपने खेतो में पानी की राह देख रहे है। पीसीसी चीफ ने सरकार पर ठेकेदार कम्पनी के साथ मिलीभगत कर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए बताया कि क्षेत्रीय विधायक झूमा सोलंकी ने 7 बार योजना के संबंध में शिकायती प्रश्न विधानसभा में उठाये, जिसके जवाब में सरकार ने गत 29 जुलाई 2025 को योजना का 98 प्रतिशत कार्य पूर्ण बताकर लगभग 821 करोड़ रूपये का भुगतान होना बताया गया। पटवारी ने कहा कि योजना कागजो में पूर्ण कर भुगतान कर दिया मगर धरातल पर पूरी योजना अधूरी है। क्षेत्र के कई खेतो में आज तक पानी नहीं पहुंच सका है और किसान आज तक सिचाई के पानी से वंचित है। विधायक श्रीमती झूमा सोलंकी ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के किसान उक्त योजना में हुए भारी भ्रष्टाचार की सजा भुगत रहे है, वही ठेकेदार कम्पनी, विभागीय अधिकारी व सरकार द्वारा गलत व भ्रामक जानकारी देकर किसानो के साथ छलावा कर रहे है। विधायक सोलंकी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी की मौजूदगी में महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम आकांशा अग्रवाल को ज्ञापन सौपकर बिंजलवाड़ा सिचाई परियोजना का पानी किसानो को शीघ्र मिलने, योजना में हुए भारी भ्रष्टचार के दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश शासन को देने की मांग की। किसान सम्मेलन को पूर्व मंत्री विजय लक्ष्मी साधौ, विधायक केदार डाबर, पूर्व विधायक रवि जोशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक, लोकसभा प्रत्याशी नरेंद्र पटेल ने भी सम्बोधित किया। किसान सम्मेलन में भारी संख्या में भीकनगाँव व झिरनिया के किसान मौजूद थे।

AU Small Finance Bank ने Qx'FY26/9M'FY26 के वित्तीय परिणामों की घोषणा की

वृद्धि, मार्जिन और एसेट क्वालिटी में मजबूत सर्वांगीण प्रदर्शन;PAT 26% YoY बढ़कर ?668 करोड़, RoA 1.6% और RoE 14.3%• जमा में 23.3त ड्ढश्चड्ड वृद्धि, ऋण में 19.3त ड्ढश्चड्ड वृद्धि, मार्जिन तिमाही-दर-तिमाही 25ड्डश्चश्च बेहतर और वार्षिकीकृत क्रेडिट कॉस्ट 41ड्डश्चश्च नक्तक्तघटा QxÓFY26 के प्रमुख वित्तीय मुख्य बिंदु-

नेट इंटरेस्ट मार्जिन तिमाही-दर-तिमाही 25bps बढ़कर 5.7% (Q2'FY26 में 5.5%)

फंड की लागत तिमाही-दर-तिमाही 22bps घटकर 6.61% (Q2'FY26 में 6.83%)

नेट इंटरेस्ट इनकम 16% YoY बढ़कर ?2,341 करोड़ (Q3ÓFY25 में ?2,023 करोड़)

अन्य आय 17% YoY बढ़कर ?724 करोड़ (Q3ÓFY25 में ?618 करोड़) – उच्च शुल्क आय और तृतीय पक्ष उत्पाद वितरण से सहारा

कुल ओपेक्स (अपवाद मद को छोड़कर) ?1,830 करोड़, 27% YoY वृद्धि (Q3'FY25 में ?1,436 करोड़) – व्यवसाय वृद्धि, मानव संसाधन एवं वितरण निवेश और मार्केटिंग खर्चों के कारण

तिमाही के दौरान अपवाद मदः नए लेबर कोड के कार्यान्वयन से ?20 करोड़ का प्रावधान

स्लिपेज 13% QoQ घटकर ?791 करोड़

नेट क्रेडिट कॉस्ट 34% YoY घटकर ?331 करोड़ (Q3'FY25 में ?502 करोड़)

गैर वार्षिकीकृत क्रेडिट कॉस्ट / औसत परिसंपत्ति Q3 में 0.19% (Q3ÓFY25 में 0.36%)

PAT 26% YoY बढ़कर ?668 करोड़ (Q3ÓFY25 में ?528 करोड़), Q3'FY26 के लिए वार्षिकीकृत RoA 1.6% और RoE 14.3%

जमा पुस्तक ?1,38,415 करोड़ – 23.3% YoY वृद्धि

सकल ऋण पोर्टफोलियो ?1,29,898 करोड़ – 19.3त ड्ढश्चड्ड वृद्धि

GNPA घटकर 2.30% (QwÓFY26 में 2.41%), Net NPA 0.88त पर स्थिर; PCR (तकनीकी राइट ऑफ सहित) 83%

मुंबई 7 20 जनवरी 2026: AU Small Finance Bank Limited के निदेशक मंडल ने आज की बैठक में 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही और नौ माह के वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी।

कार्यकारी सारांश– तरुञ्ज दर कटौती और मजबूत त्योहारी मांग ने तिमाही के दौरान आर्थिक गतिविधि को गति दी, जिससे क्रेडिट मांग में सार्थक बढ़ोतरी हुई। उच्च ऑटो बिक्री, बेहतर उपभोक्ता खर्च और स्वस्थ तथा वाणिज्यिक गतिविधि में सुधार ने बैंकिंग क्षेत्र की 14.4त ड्ढश्चड्ड क्रेडिट वृद्धि को समर्थन दिया। हालांकि जमा वृद्धि 12.7त ड्ढश्चड्ड पर सीमित रही – कड़े तरलता हालात और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण। इस परिदृश्य में, बैंक ने अनुशासित अंडरराइटिंग, फंड की लागत के विवेकपूर्ण प्रबंधन और सतत, गुणात्मक वृद्धि पर मजबूत फोकस के साथ सभी क्षेत्रों में संतुलित व मजबूत प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन का संक्षिप्त अवलोकन (त्तठ'स्रड्ड26) वितरण– बैंक ने तिमाही में कुल 100 नए टचपॉइंट (27 नई देयता शाखाओं सहित) जोड़कर अपनी उपस्थिति बढ़ाई, जिससे कुल टचपॉइंट 2,726 हो गए – 21 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में हम 59,000+ कर्मचारियों की टीम के साथ 1.25 करोड़+ ग्राहकों को सेवा दे रहे हैं

अन्य प्रमुख पहलें और अपडेट– बोर्ड और गवर्नेंस को मजबूत करने के लिए तीन नए स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति – श्री एन एस वेंकटेश, श्री सत्यजीत द्विवेदी और श्री फणी शंकर सुश्री मालिनी ठडानी को तीन वर्षों के दूसरे कार्यकाल हेतु पुनर्नियुक्त किया गया दीर्घकालिक उत्तराधिकार योजना और नेतृत्व गहराई बढ़ाने के लिए बोर्ड द्वारा निम्नलिखित परिवर्तन (आवश्यक अनुमतियों के अधीन):उत्तम टिब्रेवाल - वर्तमान कार्यकाल 18 अप्रैल 2026 को समाप्त होने के बाद Deputy CEO के रूप में जारी रहेंगे। वे रिटेल एसेट्स एवं लाइबिलिटीज जैसी प्रमुख व्यावसायिक इकाइयों का नेतृत्व जारी रखेंगे और नए भौगोलिक क्षेत्रों में विस्तार और ग्राहक संबंधों को मजबूत करने पर अधिक समय देंगे। विवेक त्रिपाठी - Whole Time Director (E&ecutive Director) के रूप में नियुक्ति हेतु RBI अनुमोदन के लिए प्रस्तावित। IIM लखनऊ के पूर्व छात्र, 2014 से, से जुड़े हैं और व्यवसाय, क्रेडिट और जोखिम प्रबंधन में नेतृत्व भूमिकाएँ निभा चुके हैं। ED & CCO के रूप में वे क्रेडिट, नीति एवं अंडरराइटिंग, पोर्टफोलियो प्रबंधन, कलेक्शन, लीगल रिकवरी, कॉर्पोरेट लीगल, विजिलेंस और फ्रॉड कंट्रोल को एकीकृत गवर्नेंस ढांचे के तहत नेतृत्व देंगे।

गणतंत्र दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाने खंड स्तरीय बैठक संपन्न

मोहन बड़ोदिया/ 26 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को गरिमापूर्ण एवं धूमधाम से आयोजित करने के उद्देश्य से मंगलवार को जनपद पंचायत सभागार में खंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार दिव्या जैन ने की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शासन के निर्देशानुसार सभी विभाग अपने-अपने कार्यालयों में 25 एवं 26 जनवरी को विद्युत साज-सज्जा करेंगे। साथ ही गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक के उपरांत सभी अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा ग्राम पंचायत एवं स्कूल शिक्षा विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। वहीं प्रातःकाल बच्चों की प्रभात फेरी के दौरान आवागमन एवं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस विभाग को सौंपी गई। इस अवसर पर अमृतराज सिसोदिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, बाबूलाल पाटीदार संकुल प्राचार्य, अर्जुन सिंह चौहान सचिव, कृषि विभाग, कृषि उपज मंडी, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी किरण परमार, मुरलीधर भालोट, दिलीप त्रिवेदी, विनोद शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

स्कूल बसों की जांच में सख्ती,नियमों से खिलवाड़ पर परिवहन विभाग का कड़ा रुख

राजगढ़। जिले में बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग ने स्कूल बसों एवं अन्य यात्री वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया। यह कार्रवाई कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित तोलानी के निर्देशन में किया गया। जिसका उद्देश्य अवैध, असुरक्षित एवं नियमविरुद्ध संचालन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा।

जिला परिवहन अधिकारी श्री ज्ञानेंद्र वैश्य के मार्गदर्शन तथा आरटीओ चेक प्वाइंट राजगढ़-1 की प्रभारी सुश्री अनामिका कोली के नेतृत्व में टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल बसों की गहन जांच की। जांच के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि सभी वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों और वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप संचालित हों।अभियान के दौरान वाहनों के बीमा प्रमाणपत्र, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी), परमिट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की सघनता से जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर स्कूल बसों के विरुद्ध कुल 5 हजार रूपये कीचालानीकार्रवाईकीगई।

पीली मिट्टी के अवैध उत्खनन को लेकर तहसीलदार ने की बड़ी कार्यवाही

महिदपुर।क्षेत्र में लगातार पीली मिट्टी का अवैध उत्खनन और परिवहन देखने को मिल रहा था।पीली मिट्टी के दौरान अंधाधुंध सड़कों पर ट्रेक्टर ट्राली दौड़ती नजर आती थी जिसकी शिकायत लगातार मिल रही थी ।अवैध पीली मिट्टी के परिवहन करने वालों पर नकेल कसते हुए मंगलवार को तहसीलदार संतुष्टि पाल राजस्व टीम के साथ पीली मिट्टी की खदान पर पहुंची जहां से अवैध रूप से पीली मिट्टी का उत्खनन ओर परिवहन किया जा रहा था।वहां से 5 ट्रैक्टर ट्राली और एक जेसीबी को मौके पर अवैध उत्खनन और परिवहन करते जब किया गया।नियमानुसार कार्यवाही करते हुवे सभी जप्त वाहनों को महिदपुर थाने के सुपुर्द किया गया है।ट्रैक्टर ट्राली क्रमांक एमपी 13 एई 0285 महिंद्रा 475 डीआई एक्सपी प्लस,एमपी 42 एबी 0692 महिंद्रा 475 डी आई,एमपी 13 एचजी 3858 आइशर 548 आगे नंबर अंकित नहीं,पीछे भी अस्पष्ट, एमपी 38 एक 4892 सोनालिका पीछे नंबर नहीं,एमपी 11 एई 6849 महिंद्रा 475 डी आई एक्सपी प्लस और एक जेसीबी तहसील प्रांगण में खड़ी जिसमें आगे-पीछे दोनों तरफ नंबर अंकित नहीं है।इस कार्यवाही के बाद क्षेत्र में अवैध उत्खनन करने वालों में हड़कंप मच गया।तहसीलदार संतुष्टि पाल ने कहा कि बिना अनुमति उत्खनन करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

क्षेत्र में दो पहिया वाहनों पर नियम से नंबर अंकित नहीं– क्षेत्र के दो पहिया वाहनों पर सरकार के नियमानुसार आकार-प्रकार से नंबर अंकित नहीं।कई ने अपने-अपने हिसाब से उनको छोटे-बड़े और आकार-प्रकार से लिख रखा है जिससे वे स्पष्ट पढ़ने में नहीं आते,कई पर नंबर अंकित भी नहीं।कई ने परिवहन नियमों के अनुसार सूनिश्चित मापदंड से वाहन क्रमांक अंकित नहीं करा रखे हैं।पुलिस प्रशासन को ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई कर उन पर सरकार के नियम अनुसार व्यवस्थित क्रमांक का अंकन कराना चाहिए।

बैरागी समाज ने मनाई श्री रामानंद आचार्य जी की जयंती, निकला भव्य चल समारोह, राधा कृष्ण की झांकी ने मोहा मन

मोहन बड़ोदिया / नगर में बैरागी समाज द्वारा महान संत श्री रामानंद आचार्य जी का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजनों सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

शोभायात्रा दाऊजी की बावड़ी से प्रारंभ होकर फूलचंद चौराहा, मैन मार्केट, खेड़ापति हनुमान मंदिर , हाट बाजार, बस स्टैंड होते हुए पुनः दाऊजी की बावड़ी पहुंची। यात्रा में सबसे आगे बैंड की मधुर धुनों के साथ घोड़े पर सवार दो बालिकाएं हाथों में धर्मध्वजा लिए चल रही थीं। अखाड़े के आकर्षक प्रदर्शन के साथ राधा-कृष्ण की सजीव झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिनके पीछे समाजजन, महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। शोभायात्रा का नगरवासियों ने मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा के पुनः दाऊजी की बावड़ी पहुंचने पर यह धर्मसभा में परिवर्तित हो गई, जहां समाजजनों द्वारा श्री रामानंद आचार्य जी की महाआरती की गई। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का समाजबंधुओं ने स्वागत किया। अपने आराध्य श्री रामानंद आचार्य जी की जयंती मनाने क्षेत्र सहित आसपास के सैकड़ों समाजजन उपस्थित हुए थे धर्मसभा को संबोधित करते हुए अतिथियों ने श्री रामानंद आचार्य जी के विचारों को आत्मसात करते हुए सनातन धर्म को जीवंत बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन प्रसादी वितरण, सामूहिक भोज एवं सामूहिक मंगलकामनाओं के साथ हुआ।

श्री राम कथा का विश्राम एवं भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

महिदपुर।जवाहर डोसी पीयूष। समीपस्थ ग्राम कड़ाई स्थित प्राचीन श्री चिन्तामण गणेश मंदिर के पावन प्रांगण में संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया गया।मंगलवार को श्री राम कथा का विश्राम किया गया एवं हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।बड़ी संख्या में सनातनी महिला-पुरुषों की सहभागिता के साथ भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू एकता को लेकर अपनी ओजस्वी वाणी से सभी सनातनी को पुराने इतिहास के बारे बताया।किसी तरह हमें एक जुट होकर रहना है।सात दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन पं.श्री श्यामजी मनावत के सुमधुर एवं ओजस्वी प्रवचनों के साथ किया गया।कथा के प्रथम दिवस से ही श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति देखी जा रही है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुभाष ठाकुर ने बताया कि इस पावन अवसर पर श्री राम कथा और हिंदू सम्मलेन में पधारने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नारायणा रोड चौराहा से विशेष वाहन व्यवस्था की गई है।इसके अतिरिक्त ग्राम कड़ाई के प्रवीण उपाध्याय द्वारा भी निःशुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध की गई। कथा विश्राम ओर हिंदू सम्मलेन के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन के प्रेरणा स्रोत समाजसेवी भागीरथजी वर्मा हैं।आयोजन श्री राम कथा महोत्सव समिति के तत्वावधान में तथा निवेदक श्री चिन्तामण गणेश मंदिर समिति द्वारा किया गया।